जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

ہمارا وطن ہفت روزہ

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 60 | अंक-38 | जयपुर, सोमवार, 14 अक्टूबर, 2024 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

राज्यकर्मियों को दीवाली का तोहफा


## मुख्यमंत्री ने 30 दिन का बोनस देने का किया अनुमोदन

**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य कर्मचारियों को दीपावली के उपहार के रूप में तदर्थ बोनस देने का अनुमोदन कर दिया गया है, जिससे राज्य सरकार के लगभग 6 लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे। राज्य सेवा के अधिकारियों को छोड़कर, राज्य कर्मचारियों को, जो राजस्थान सिविल सेवा (पुनरीक्षित वेतन) नियम, 2017 के पे-मैट्रिक्स के पे लेवल एल-12 अथवा ग्रेड पे-4800 और उससे कम में वेतन आहरित कर रहे हैं, उन्हें वर्ष 2023-24 के लिए तदर्थ बोनस स्वीकार किया गया है। तदर्थ बोनस की गणना अधिकतम परिलब्धियां 7000 रुपये तथा 31 दिन के माह के आधार पर की जाएगी। तदर्थ बोनस 30 दिन की अवधि के लिए देय होगा। तदनुसार प्रत्येक कर्मचारी को अधिकतम 6774 रुपये तदर्थ बोनस देय होगा। जिसमें से 75 प्रतिशत राशि नकद तथा 25 प्रतिशत राशि कर्मचारी के सामान्य प्रावधायी निधि खाते में जमा की जाएगी। तदर्थ बोनस का अतिरिक्त वित्तीय भार लगभग 500 करोड़ रुपये होगा। तदर्थ बोनस पंचायत समिति एवं जिला परिषद कर्मचारियों को भी देय होगा।



## खादी संस्थाओं को अभी तक नहीं मिला पिछले साल की छूट का भुगतान, मंत्री अनिल शर्मा ने दी धरने की चेतावनी

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ बजाज नगर, जयपुर के मंत्री अनिल कुमार शर्मा ने पिछले साल की छूट का भुगतान करने के लिए राजस्थान खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के सचिव को पत्र लिखा है कि 21 अक्टूबर 2024 तक संस्थाओं को वर्ष 2022-23 में दी गई रिबेट का पुनः भरण (खादी बोर्ड रिबेट) का भुगतान करवाने का कष्ट करें अन्यथा 24 अक्टूबर को आपके मुख्यालय पर गांधीवादी अहिंसात्मक रूप से गांधीजी की मूर्ति के समक्ष संस्थाओं के द्वारा धरना दिया जायेगा। पत्र में लिखा कि राज्य सरकार द्वारा की गई घोषणा के अनुसार 2 अक्टूबर, 2022 से 30 जनवरी, 2023 तक एवं 2 अक्टूबर, 2023 से 30 जनवरी, 2024 तक खादी संस्थाओं द्वारा फुटकर बिक्री पर 35 प्रतिशत पुनः भरण (खादी बोर्ड रिबेट) ग्राहको को दी गई थी।




वर्ष 2022-23 की ऑडिट का कार्य आप द्वारा निदेशक कोष एवं लेखा के ऑडिटर्स द्वारा करवाया गया था जिसे 1 वर्ष पूर्ण हो गया है तथा रिबेट क्लेम भी आपको भिजवा दिये गये है। इस सम्बन्ध में संस्था संघ का प्रतिनिधि मण्डल भी आपसे 2-3 बार मिल कर निवेदन कर चुका है और आप द्वारा शीघ्र ही भुगतान करवाने का आश्वासन दिया जा रहा है। अभी दिनांक 30.08. 2024 को प्रदेश की खादी संस्थाओं का एक प्रतिनिधि मण्डल वर्ष 2022-23 का पुनः भरण (खादी बोर्ड रिबेट) भुगतान राशी के सम्बन्ध में आपसे मिलकर निवेदन किया गया था। तब आपने प्रतिनिधि मण्डल को आश्वासन दिया था की माह सितम्बर, 2024 में ही वर्ष 2022-23 की रिबेट राशी का भुगतान करवा दिया जाएगा।

संस्थाओं को रिबेट राशी का भुगतान नहीं होने के कारण कच्चा माल खरीद कत्तिन बुनकरो को मजदूरी का भुगतान तथा कार्यकर्ताओं को वेतन एवं अति आवश्यक सरकारी खर्चा का भुगतान करने में भी कठिनाईया आ रही है तथा संस्थओं का उत्पादन भी रकम के अभाव में कम होता जा रहा है। 31 अक्टूबर, 2024 को हिन्दुओं का मुख्य त्यौहार दीपावली भी आ रही है।

## सीएसके कारवां सुरों का डांडिया नाइट कार्यक्रम में झूम उठी महिलाएँ




**जयपुर (हमारा वतन)।** गुलाबी नगर जयपुर में सीएसके कारवां सुरों का म्यूजिकल ग्रुप द्वारा नवरात्रों में माता रानी को रिझाने के लिए डांडिया नाइट का सफल आयोजन किया गया । राजस्थानी, गुजराती और पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी महिलाओं ने राजस्थानी, फिल्मी, गुजराती और धार्मिक गानों पर जमकर डांस किया । पांडाल में हर कोई अपनी मस्ती में झूमता हुआ नजर आया ।

इससे पूर्व आए हुए अतिथियों द्वारा माता रानी के चित्र पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रघुनाथ धाम के महंत स्वामी सौरभ राघवेंद्र आचार्य, वृंदावन धाम की साध्वी पीतांबरा दीदी रहे।



सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में वरिष्ठ अभिनेत्री और नृत्य गुरु उषा श्री, राजस्थानी और हिंदी फिल्मों के सुपरस्टार राज जांगिड़ मौजूद रहे । विशिष्ट अतिथि के रूप में राम नारायण शर्मा, गुरुजी मुकेश शर्मा, होटल डायरेक्टर मुकेश शर्मा, गौरक्षक दल के प्रदेशाध्यक्ष शेर सिंह कुमावत, समाजसेवी ममता शर्मा, भंवर लाल बुगोलिया, सुरेश,गौरी शंकर,संजय बाड़ोलिया, भूराराम सीरवी,रितेश सारस्वत,दिनेश सारस्वत, दिया शर्मा, सरिता शर्मा सहित कई लोगों ने शिरकत की । सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर, साफा, शाल और मोमेंटो भेंटकर स्वागत-सत्कार किया गया । कार्यक्रम आयोजक विल्सन राय, सुधीर बड़ोलिया और देवेंद्र कुमार ने बताया कि होटल होम पैलेस गार्डन, अजमेर रोड में डांडिया नाइट कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का जन्मदिन सिंगर्स द्वारा उनके गाने गाकर सेलिब्रेट किया गया। इसके बाद डांडिया नाइट कार्यक्रम शुरू हुआ। डांडिया नाइट में सेलिब्रिटी गेस्ट द्वारा बेस्ट ड्रेस, बेस्ट डांस, बेस्ट कपल, बेस्ट फैमिली और ब्यूटीफुल किड के पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम सहसंयोजक होटल ओम पैलेस के मैनेजिंग डायरेक्टर ओपी शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के साथ ही आज होटल ओम पैलेस गार्डन का भी शुभारंभ किया गया, जो शादी, पार्टी और अन्य आयोजनों के लिए उपलब्ध रहेगा । ग्राहकों की संतुष्टि ही हमारा प्रयास है, जो लोग इस कार्यक्रम में पधारे उन सभी का दिल से धन्यवाद । एंकर विनेहा ने प्रभाशाली मंच सञ्चालन किया। इस दौरान सीएसके कारवां सुरों का म्यूजिकल ग्रुप की टीम मनोज कुमार,मनोज शर्मा,सपना राजपूत, डॉक्टर प्रियंका, रोहिणी राय, धीरज,किशोर क्षत्रिय का पूर्ण सहयोग रहा।




## शिक्षक अशोक पाल सिंह ने मनाया राष्ट्रीय सूचना अधिकार दिवस

**उत्तराखंड (हमारा वतन)।** शिक्षक अशोक पाल सिंह ने राजकीय उमावि बिझोली रूडकी में 12 अक्टूबर को राष्ट्रीय सूचना दिवस मनाया । कार्यक्रम संयोजक अशोक पाल सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि 12 अक्टूबर 2005 को सूचना का अधिकार सम्पूर्ण धाराओं के साथ लागू किया गया। सूचना का अधिकार अर्थात राईट-टू-इनफार्मेशन, सूचना अधिकार एकट का मूल उद्देश्य नागरिको को सशक्त बनाने, सरकार के कार्य में पारदर्शिता और उत्तर दायित्व को बढावा देने से भ्रष्टाचार को नियंत्रण करने और वास्तविक अर्थों में हमारे लोकतन्त्र को लोगो के लिए कामयाब करना है । प्रथम प्रार्थना पत्र आवेदक द्वारा सूचना की अधिकार 2005, धारा 6 (1) के प्रावधान के अनुसार सादे कागज पर आवेदन करना होता है । दस रुपये फीस के साथ सूचना न प्राप्त होने पर आवेदक को अपील करनी होती है। दूसरा प्रार्थना पत्र धारा 19 (1) के लिखा जाता है। तीसरा प्रार्थना पत्र सूचना प्राप्त न होने पर राज्य सूचना आयोग को लिखा जाता है ! भारतीय विश्वविद्यालयों द्वारा सूचना के अधिकार 2005 के अन्तर्गत आरटीआई कोर्स में प्रमाण पत्र एवं डिप्लोमा कराया जाता है। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय नैनीताल एवं इग्नू विश्वविद्यालय मैदान गढ़ी नई दिल्ली सूचना के अधिकार 2005 के तहत कार्यक्रम का संचालन कर रहे है। जिसकी योग्यता 10+2 पास हैं। इस अवसर पर सुधीर सैनी, डॉ. कमल कांत बरुआ, इसराना, पिंकी, अबुजर, दीपक, बादल, शिवा, मनीष, अरमान, शहिद, फारिया, राशि, सोनाक्षी, सादिया, दानिश, अकिफ, साकिब, शिवासु, आरती आदि ने भाग लिया।

## साई मंदिर में हुआ भव्य कन्या प्रसादी का आयोजन

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के ईटावा भोपजी ग्राम स्थित श्री शिरडी साई मंदिर में मीणा परिवार द्वारा भव्य कन्या प्रसादी का आयोजन किया गया। मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि मीणा परिवार द्वारा साल भर में कई बार भव्य कन्या प्रसादी का आयोजन किया जाता है। सर्वप्रथम साई बाबा को भोग लगाया, इसके बाद प्रसादी चालू की गई। जो भी भक्त सच्चे मन से आता है उसकी सभी मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं।

मीणा परिवार के श्रवण कुमार मीणा ने बताया कि साई बाबा लगातार हमारी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करता आ रहा है, इसलिए हम लोग भी कन्या प्रसादी का आयोजन करते आ रहे हैं ।

कन्या प्रसादी में सीताराम मीणा, नरेंद्र मीणा, डॉक्टर सतीश मीणा, हितेश मीणा, सोनू मीणा, कनक मीणा, अंशु मीणा, दक्ष मीणा, सीता देवी, लक्ष्मी देवी, अंजू, सुनीता, हंसा, कशिश, सुप्यार कंवर, प्रभा देवी, जितेंद्र सिंह नाथावत, अंजली नाथावत, अनुष्का नाथावत, आयुषी नाथावत सहित कई साई भक्त मौजूद रहे ।



# नवरात्रि के अंतिम दिन गरबा के रंग में रंगा चौमूं शहर, 551 दीपों से की माता की आरती





**चौमूं (हमारा वतन)।** नवरात्रि के अंतिम दिन फैंटास्टिक इवेंट एंड वेडिंग प्लानर की ओर से चौमूं शहर के कचोलिया रोड स्थित केशरगढ़ हवेली गार्डन में सोलहवां गरबा रास रंग का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। गरबा रास रंग का शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन कर, 551 दीपों से माता की महाआरती कर किया गया। पूरा पांडाल दीपों की लौ से जगमग हो गया। इसके बाद उपस्थित सभी महिलाएं और कपल्स गरबा खेलकर डांडिया खनकाते नजर आए। कार्यक्रम आयोजक प्रदीप शर्मा और मन शर्मा ने सभी अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर और फोटो फ्रेम भेंटकर स्वागत-सम्मान किया । कार्यक्रम में विधायक शिखा मील बराला, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, विधायक प्रत्याशी छुट्टन यादव, चौमूं थाना अधिकारी प्रदीप शर्मा, सुल्तान पलसानिया, सीमा पालावत, सुरेश यादव,मल्लिका खत्री, कपिल जांगिड़, ऐश्वर्या कुमावत, अभी गोदारा, रिंकी चटर्जी,डॉ. अदिति शर्मा सहित बॉलीवुड, फैशन, म्यूजिक, राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक और शिक्षा जगत की प्रसिद्ध हस्तियों ने शिरकत की । पांडाल में हजारों की संख्या में लोगों ने राजस्थानी, फिल्मी, गुजराती गानों पर नृत्य कर माता को रिझाया। हर कोई डीजे की धुनों पर थिरकता नजर आया। कार्यक्रम में बेस्ट परफॉर्मेंस करने वाले प्रतिभागियों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया । इस दौरान फैंटास्टिक इवेंट एंड वेडिंग प्लानर के टीम मेंबर रमेश यादव, संजय सैनी, महेश बागड़ा, आलोक जांगिड़, नितिन खंडेलवाल, बजरंग प्रजापत, पूरण भावरिया, हजारीलाल यादव, रामनिवास भोमाका, अशोक शर्मा, हरफूल जाट, रामबाबू सैनी, हीरालाल जाट, शत्रु सैनी, बलराज शर्मा, ललित कुमावत, जय छगलानी, मुकेश शेरावत,ज्योति कुलदीप मौजूद रहे।



## मिसेज पूजा शर्मा ने जीता स्टार ऑफ मारवाड़ का खिताब

**जयपुर (हमारा वतन)।** सुमेरपुर के श्री उम्मेद वाटिका में आयोजित स्टार ऑफ मारवाड़ सौंदर्य प्रतियोगिता का ग्रांड फिनाले संपन्न हुआ, जिसमें मिसेज केटेगरी का खिताब बेटी फाउंडेशन की ब्रांड फैशन आइकन पूजा शर्मा ने जीता। ड्रीम स्टार प्रोडक्शन हाउस द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे राजस्थान से 70 मॉडल्स ने मिस और मिसेज कैटेगरी में पार्टिसिपेट किया । जूरी मेंबर अनिल ओझा,फिरोज खान,दीपिका चौहान और कुंदन ने मिलकर पूजा शर्मा को मिसेज का विजेता घोषित किया। आयोजक दीपक कुमार ने पूजा शर्मा को क्राउन पहनाकर ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री का भरतपुर दौरा

## मुख्यमंत्री ने झील का बाड़ा स्थित कैलादेवी मंदिर में किए दर्शन



जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को शारदीय नवरात्र के अवसर पर भरतपुर के झील का बाड़ा स्थित कैलादेवी मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान शर्मा ने यहां सपत्नीक विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इससे पहले मुख्यमंत्री के हैलीपेड पहुंचने पर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक बहादुर सिंह कोली, डॉ. ऋतु बनावत, संभागीय आयुक्त रश्मि गुप्ता, जिला कलक्टर अमित यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आमजन ने उनका स्वागत-अभिनंदन किया।

## पंडित रविन्द्राचार्य ने अमरसर काली माता मंदिर में किए दर्शन



**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने नवरात्रि में अमरसर स्थित काली माता मंदिर के दर्शन किए और क्षेत्र में खुशहाली की कामना की । इस दौरान पंडित मुकेश शर्मा, पंडित मोहन शर्मा ,अमित यज्ञाचार्य ,सुनील यादव ,मोहन यादव ,रामकिशन सैनी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जिलाध्यक्ष अजय चौहान ने की तकनीकी सहायक राजेश नैण से शिष्टाचार भेंट



**जालोर (हमारा वतन)।** राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (लोकतांत्रिक) जिला जालोर के जिलाध्यक्ष अजय चौहान ने राजेश नैण तकनीकी सहायक से शिष्टाचार भेंटकर बधाई दी । जानकारी के लिए आपको बता दें कि राजेश नैण का कनिष्ठ सहायक से सहायक अभियांत्रिकी एवं तकनीकी सहायक खण्ड जालोर में पदोन्नति व पदस्थापन हुआ है ।

# रोम रोम में राम

## (इकराम सतसई) कड़ी 4



भगवान राम, हमारी आस्था के विश्वास हैं, इस समस्त सृष्टि की श्वांस हैं ! सारे जगत के हैं! जिन मुस्लिम कवियों और शायरों ने राम और कृष्ण पर लेखनी चलाई है। उन राष्ट्र भक्त महान व्यक्तियों की परंपरा में , आज के युग में इकराम राजस्थानी राष्ट्र रत्न का नाम अग्रणी है !

प्रस्तुत है उनकी लेखनी का ये साप्ताहिक धारावाहिक


16. सिर्फ अयोध्या ही नहीं,राम लला का धाम!
सारी धरती राम की,कहता है इकराम!!
17 . नहीं अयोध्या में रहे, नहीं किसी भी धाम!
निर्धन के मन में सदा,बसते हैं श्री राम!!
18 . राम तुम्हारे नाम पर, मानवता को गर्व!
सुमिरन करते ही तुम्हें,मन में मनता पर्व!!
19 . खुद ही बनते जाएंगे,सारे बिगड़े काम !
मन ही मन रटते रहो,सदा राम का नाम!!
20 . एक लक्ष्य मन में रखा,सबका हो कल्याण!
अन्यायी पर राम ने,सदा चलाया बाण!!



इकराम राजस्थानी

# खुशखबरः स्वतंत्र पत्रकारों के अधिस्वीकरण की पात्रता में छूट की अधिसूचना जारी

**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पत्रकार कल्याण और उनके सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्धता के तहत आज बुधवार को राज्य सरकार द्वारा स्वतंत्र पत्रकारों को अधिस्वीकरण की पात्रता में छूट दिये जाने की अधिसूचना जारी कर दी गई। राजस्थान प्रेस प्रतिनिधि अधिस्वीकरण नियम 1995 (संशोधित) नियम 2024 के अनुसार अब स्वतंत्र पत्रकारों के अधिस्वीकरण की आयु सीमा एवं अनुभव में छूट देते हुए न्यूनतम पात्रता आयु 45 वर्ष तथा अनुभव 15 वर्ष निर्धारित किया गया है। संशोधन से पूर्व न्यूनतम आयु सीमा 50 वर्ष तथा अनुभव पात्रता 25 वर्ष निर्धारित थी। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा पहले ही बजट में पत्रकार कल्याण को ध्यान में रखकर बजट घोषणा 2024-25 में अधिस्वीकरण नियमों में स्वतंत्र पत्रकारों के लिए पात्रता में शिथिलता प्रदान की गई है।



Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

## जॉब्स

1. राजस्थान एलएसजी, पद सफाई कर्मचारी, पद संख्या 23820, अंतिम तिथि 6 नवंबर 2024
2. आईटीबीपी, पद कांस्टेबल ड्राइवर, पद संख्या 545, अंतिम तिथि 6 नवंबर 2024
3. आरआरबी एनटीपीसी, पद टिकट क्लर्क, ट्रेन क्लर्क व अन्य, पद संख्या 3445, अंतिम तिथि 27 अक्टूबर 2024
4. आरआरबी एनटीपीसी, पद टिकट सुपरवाइजर, स्टेशन मास्टर व अन्य, पद संख्या 8133, अंतिम तिथि 20 अक्टूबर 2024
5. इसरो एचएसएफसी, पद मेडिकल ऑफिसर टेक्नीशियन व अन्य, पद संख्या 224, अंतिम तिथि 23 अक्टूबर 2024
6. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद आरएएस, पद संख्या 733, अंतिम तिथि 18 अक्टूबर 2024
7. सीएपीएफ/आईटीबीपी, पद स्पेशलिस्ट मेडिकल ऑफिसर, पद संख्या 345, अंतिम तिथि 14 नवंबर 2024
8. आईटीबीपी पद लेबोरेटरी टेक्नीशियन, रेडियोग्राफर व अन्य, पद संख्या 20, अंतिम तिथि 26 नवंबर 2024



# आपका बच्चा चश्मा पहनता है तो इन टिप्स की मदद से रखें आँखों का ध्यान

बच्चों के विकास, सीखने और जीवन की समग्र गुणवत्ता के लिए उचित दृष्टि महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में उन्हें कई चुनौती एवं विचारों का सामना करना पड़ता है। उनकी चुनौतियों को कम करने के लिए उनके आंखों की देखभाल के प्रति अधिक सचेत रहना महत्वपूर्ण हैआजकल बहुत छोटी उम्र से ही बच्चों को चश्मा लग जाता है। कई बच्चों को जन्म के साथ ही विज़न डिसऑर्डर होता है और 1 से 2 साल की उम्र में उन्हें चश्मा लग जाता है। ऐसे में चश्मा लगाने वाले बच्चों की आंखों को अधिक देखभाल की आवश्यकता होती है। माता-पिता और गार्डियन के लिए बच्चों की देखभाल प्राथमिकता होती है। वहीं जब आंखों के स्वास्थ्य की बात आती है, तो इस जिम्मेदारी को पुरे फोकस के साथ निभाना जरुरी हो जाता है, खासकर उन बच्चों के लिए जो चश्मा लगाते हैं। बच्चों के विकास, सीखने और जीवन की समग्र गुणवत्ता के लिए उचित दृष्टि महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में जिन बच्चों को चश्मा लग जाता है, उन्हें कई चुनौती एवं विचारों का सामना करना पड़ता है। उनकी चुनौतियों को कम करने के लिए उनके आंखों की देखभाल के प्रति अधिक सचेत रहना महत्वपूर्ण है। इस लेख में चश्मा लगाने वाले बच्चों के आंखों की देखभाल से जुडी जानकारी उन्हें आत्मविश्वास के साथ स्पष्ट दृष्टि अपनाने में मदद करेंगी।विश्व दृष्टि दिवस के मौके पर डॉ. अग्रवाल आई हॉस्पिटल, भांडुप, मुंबई के बाल नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. आशीष दोशी ने चश्मा लगाने वाले बच्चों की सेहत से जुडी कुछ जरुरी जानकारी शेयर की है। तो चलिए जानते हैं कैसे रखना है अपने छोटे बच्चों के आंखों का ध्यान। यहां जानें चश्मा लगाने वाले छोटे बच्चों के आंखों की देखभाल के टिप्स

**आंखों की नियमित जांच करवाएं**-एक्सपर्ट के अनुसार बच्चों के लिए नेत्र परीक्षण का एक सामान्य कार्यक्रम होना चाहिए-

**नेत्र जांच**-3 और 5 से 6 साल की उम्र में होने चाहिए, आदर्श रूप से स्कूल शुरू करने से पहले। ये जांच दृष्टि संबंधी समस्याओं का पता लगाने के लिए महत्वपूर्ण है, जिससे समय पर हस्तक्षेप करने की अनुमति मिलती है, जो विज़न डेवलपमेंट में आपकी मदद कर सकता है। नियमित नेत्र परीक्षण यह सुनिश्चित करने में मदद करता है, कि किसी भी संभावित समस्या का समय रहते पता लगाया जाए, जिससे लांग टर्म विजन लॉस का जोखिम कम हो जाता है। **स्वस्थ आहार का पालन करें**-आपके बच्चे की आंखों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए पौष्टिक आहार बहुत ज़रूरी है।

# एक्ने,पिंपल्स और मुरझायी त्वचा से हैं परेशान,तो लाएं त्वचा में परमानेंट निखार

ग्लोइंग स्किन ही आपके चेहरे का सबसे आकर्षक मेकअप है। इसलिए मेकअप प्रोडक्ट की बजाए त्वचा के लिए उपयोगी विटामिनों में कुछ निवेश करें। वातावरण में बढ़ती गंदगी, ग्लोबल वार्मिंग और सूरज की हानिकारक किरणों के कारण त्वचा से जुड़ी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

1. **विटामिन डी** -हेल्दी स्किन के लिए शरीर मे विटामिन डी की पर्याप्त मात्रा होना जरूरी है। सन लाइट विटामिन डी का एक सबसे अच्छा स्रोत है। जब हम सूरज की किरणों से विटामिन डी प्राप्त करते हैं, तो ऐसे में कोलेस्ट्रॉल विटामिन डी में बदल जाता है।वहीं लीवर और किडनी इन्हें स्किन सेल्स तक पहुंचाती हैं और स्वस्थ बनाए रखती हैं। कैल्सीट्रियोल शरीर में प्राकृतिक रूप से बनने वाला विटामिन डी है। वहीं यह त्वचा से जुड़ी कई समस्याओं का एक प्रभावी इलाज हो सकता है। पूरे दिन में कम से कम 8 से 10 मिनट सन लाइट के संपर्क में रहने की कोशिश करें।विटामिन डी से युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें जैसे की डेयरी और प्लांट मिल्क, ऑरेंज जूस, अनाज, सालमन, मशरूम, इत्यादि।विटामिन डी से युक्त होममेड फेस मास्क भी अप्लाई कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए आपको चाहिए एग योल्क, ओट्स और योगर्ट। इसे एक साथ मिलाकर अपनी त्वचा पर अप्लाई करें और 15 मिनट तक सूखने के लिए छोड़ दें, फिर इसे नार्मल वॉटर से साफ कर लें।

2. **विटामिन सी** -नेशनल लाइब्रेरी ऑफ़ मेडिसिन द्वारा की गई एक स्टडी की माने तो विटामिन सी त्वचा के हाइड्रेशन को बनाए रखती है। इसके साथ ही यह हाइपरपिगमेंटेशन, सनस्पॉट, ऐज स्पॉट और मेलास्मा जैसी समस्याओं को नियंत्रित रखती है। स्टडी के अनुसार जब त्वचा में मेलानिन का प्रोडक्शन ज्यादा होने लगे तो ऐसी समस्याएं देखने को मिलती है। ऐसे में शरीर में विटामिन सी की पर्याप्त मात्रा मेलानिन प्रोडक्शन को नियंत्रित रखने में मदद करती हैं।विटामिन सी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट स्किन के सेल्स डैमेज को रिपेयर करती हैं। इसके साथ ही यह सूरज की हानिकारक किरणों एवं ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से होने वाली समस्यायों में कारगर मानी जाती हैं। पब मेड सेंट्रल द्वारा प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार विटामिन सी डार्क सर्कल और अंडर आई पिगमेंटेशन जैसी समस्या का एक उचित निदान हो सकता है। अब जानें शरीर में किस तरह बढ़ा सकती हैं विटामिन सी पर्याप्त मात्रा में खट्टे फल जैसे की संतरा इत्यादि का सेवन करें।




# उम्र के साथ आंखों को कमजोर होने से बचाना है तो अपने आहार में शामिल करें ये सुपरफूड्स

अगर आंखों की रोशनी कम होने की वजह से आपको कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है तो इसे सुधार सकते हैं।

**हरी पत्तेदार सब्जियां**- केल, पालक, ब्रोकोली जैसी हरी पत्तेदार सब्जियां खाने से आपकी आई साइट बेहतर होती है। इसमें ल्यूटिन और ज़ेक्सैंथिन जैसे महत्वपूर्ण कैरोटिनॉइड हैं, जो मुख्य रूप से पौधों में पाए जाते हैं। ये दोनों शरीर के लिए कई लाभ प्रदान करते हैं, खासकर आंखों के स्वास्थ्य में। पत्तेदार सब्जियाँ आंखों में मैकुलर डीजेनरेशन और मोतियाबिंद के जोखिम को कम करने में मदद करती हैं। इसमे एंटीऑक्सीडेंट्स भी हैं, जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं। यह सूर्य की हानिकारक x रेज़ से भी रक्षा करने में मदद करता है।

विटामिन C को अक्सर कहा जाता है क्योंकि यह आंखों की सेहत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और अंग्रेजी में देखने को see कहते हैं। यह शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट आपकी ब्लड वैसेल्स के लिए लाभकारी है और आंखों को फ्री रेडिकल्स से बचाने में मदद करता है, जिससे मोतियाबिंद और मैकुलर डीजेनरेशन के जोखिम को कम किया जा सकता है। यह कोलेजन उत्पादन के लिए आवश्यक है, जो कॉर्निया को मजबूत और सही आकार में बनाए रखता है।

## बॉलीवुड चटकारा





# Ananya Pandey Fitness Routine

# अनन्या पांडे देती हैं हॉलीवुड स्टार्स को टक्कर, मानसिक तनाव को ऐसे करती हैं दूर...क्या है एक्ट्रेस का फिटनेस रूटीन



अनन्या पांडे को सोशल मीडिया पर कई तरह के वीडियो फिटनेस को लेकर शेयर करते हुए देखे गया है। अनन्या पांडे आज फिट अभिनेत्रियों में से एक हैं। अपनी दुबली-पतली और टोंड काया के लिए मशहूर वह आसानी से युवाओं के लिए फिटनेस प्रेरणा बन जाती हैं। बॉलीवुड सितारे हमेशा अपनी पर्सनेलिटी से आम लोगों को प्रभावित करते हैं। वह अपनी बॉडी बनाकर फिटनेट बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। कई सारी एक्ट्रेस हैं जो अपनी खूबसूरती के साथ साथ अपनी सेहत का भी काफी अच्छे से ध्यान रखती हैं। इन एक्ट्रेस में फिलहाल अनन्या पांडे टॉप पर हैं क्योंकि वह अपनी जिम में फिटनेस के साथ साथ वेट लिफ्टिंग में भी हाथ आजमा रही हैं। अनन्या पांडे को सोशल मीडिया पर कई तरह के वीडियो फिटनेस को लेकर शेयर करते हुए देखे गया है। अनन्या पांडे आज फिट अभिनेत्रियों में से एक हैं। अपनी दुबली-पतली और टोंड काया के लिए मशहूर वह आसानी से युवाओं के लिए फिटनेस प्रेरणा बन जाती हैं। तो अगर आप भी जानना चाहते हैं अनन्या पांडे कैसे फिट रहती हैं तो आज हम आपको बताते हैं उनका रुटीन क्या है?

**अनन्या पांडे कैसे रहती हैं फिट**-अनन्या पांडे मल्टिपल तरह से अपने आप को फिट रखती हैं। पांडे को पिलेट्स और योग करना बहुत पसंद है। वह जिमिंग के साथ साथ योगा और डांसिंग करती हैं। डांसिग से वह कार्डियो और योगा से वह अपना मानसिक तनाव खत्म करती हैं। गहराइयां स्टार बहुत सारे वेट ट्रेनिंग और कार्डियो एक्सरसाइज करती हैं। वह सुबह सबसे पहले योग भी करती हैं। हालांकि, उनका पसंदीदा वर्कआउट पिलेट्स है क्योंकि यह उनके शरीर को स्ट्रेच और रिलैक्स करता है।पांडे को तैराकी और डांसिंग का भी शौक है। और अगर आप भी ऐसा करते हैं तो आप मानसिक और शारीरिक रुप से काफी फिट रह सकते हैं। क्योंकि इसको करने से हेप्पी हारमोन्स रिलीज होते हैं। ऐसे में अनन्या पांडे को भी तैराकी और डांसिंग काफी पसंद है। डांसिग उनके प्रोफेशन के लिए भी एक अच्छा विकल्प हैं इस लिए वह काफी समय डांसिंग को देती हैं। इसके अलावा पांडे अक्सर नए वर्कआउट के साथ खुद को चुनौती देती हैं।इसके अलावा आपको बता दे कि पांडे हठ योग या विन्यास योग का नियमित रूप से घर पर अभ्यास करती हैं, कम से कम सप्ताह में पांच बार।



# टेलर स्विफ्ट बनीं दुनिया की सबसे अमीर म्यूजिशियन,34 साल की सिंगर ने रिहाना को पछाड़ा,जानिए नेट वर्थ

टेलर स्विफ्ट दुनिया की सबसे अमीर महिला संगीतकार बन चुकी हैं, जिनकी कुल संपत्ति 1.6 बिलियन डॉलर है। फोर्ब्स के अनुसार, उनकी अधिकतर संपत्ति टूर और रॉयल्टी, म्यूजिक एल्बम, और रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट से आती है।टेलर स्विफ्ट, जिनके गानों का हर कोई दीवाना है। वह अब ऑफिशियली दुनिया की सबसे अमीर महिला संगीतकार बन चुकी हैं। उनकी कुल नेट वर्थ करीब 1.6 बिलियन डॉलर बताई जा रही है। सिंगर ने उन्होंने पॉप स्टार रिहाना को भी इस मामले में पीछे छोड़ दिया है, जिनकी नेट वर्थ 1.6 बिलियन डॉलर है। और इस बात की पुष्टि खुद फोर्ब्स ने की है।फोर्ब्स के मुताबिक, स्विफ्ट की संपत्ति का 600 मिलियन डॉलर Tour इनकम और रॉयल्टी से आता है। वहीं, 600 मिलियन डॉलर उनके म्यूजिक एल्बम के कॉस्ट से, और 125 मिलियन डॉलर रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट से आता है। ऐसा कहा जाता है कि टेलर स्विफ्ट ने 2023 में अकेले स्पॉटिफाई स्ट्रीमिंग से 100 मिलियन डॉलर की रॉयल्टी हासिल की है, जो उन्हें उनके 2022 के एल्बम मिडनाइट्स और 2023 में 1989 के एल्बम के कारण मिली।

# भूमि पेडनेकर मुझे गर्व है कि मैं हिंदी लिख और पढ़ सकती हूं, स्कूल में ईदगाह को मन लगाकर पूरे भाव के साथ पढ़ा



भूमि पेडनेकर ने बताया कि उनका पहला रिश्ता हिंदी से स्कूल में ही बना। उन्होंने कहा- मगर ईदगाह को मन लगा कर पूरे भाव के साथ पढ़ना याद है मुझे, उस कहानी को पढ़ने के बाद मैं क्लास में काफी सराही गई थी। उन्होंने कहा- प्रेमचंद जी की भाई साहब का गहरा असर रहा।

**भूमि पेडनेकर स्कूल का किस्सा**-सार्थक सिनेमा के लिए जानी जाने वाली भूमि पेडनेकर जितनी कटिबद्ध अपनी भूमिकाओं को लेकर हैं, उतनी ही सजग वे हिंदी को लेकर हैं। हिंदी दिवस के मौके पर वे बता रही हैं कि कैसे उनका रिश्ता हिंदी के साथ बीते सालों में बना और हिंदी ने उन्हें कैसे संवारा।हिंदी को लेकर अपनी बचपन की यादों को शेयर करते हुए भूमि बताती हैं, हिंदी हमारी सबसे व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषा है हिंदुस्तान की। असल में मैं बड़ी हो रही थी, तो में खुद को खुशकिस्मत मानती हूं और अपनी मां का धन्यवाद अदा करना चाहती हूं , जो उन्होंने मुझे एक ऐसे स्कूल में दाखिल किया, जहां हिंदी अनिवार्य थी। मैं इस बात को लेकर गर्व महसूस कर सकती हूं कि अपनी समकालीनों में मैं हिंदी लिख और पढ़ सकती हूं। बोल तो सभी लेते हैं, मगर लिखना-पढ़ना सभी नहीं कर पाते। मुझे लगता है मेरी हिंदी और संवर सकती है।

टिकिट

**हमारा वतन**
**खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।**
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# हिंसा से नहीं विकास से होगा नक्सलवाद का खात्मा

अब तक ऐसी सैकड़ों मुठभेड़ों में भटके हुए युवा हजारों की संख्या में अपनी जान गंवा चुके हैं। सुरक्षा बलों की संख्या और मजबूती के सामने नक्सली कहीं नहीं टिक सकते। यह जानते हुए भी नक्सलवाद एक हारी हुई लड़ाई है, गुमराह नक्सली जान देने पर आमदा हैं।लोकतंत्र का रास्ता छोड़ कर हथियारों के बल पर क्रांति लाने का ख्वाब पाले नक्सलियों को इसकी कीमत अपने खून से लगातार चुकानी पड़ रही है। हथियारों के बल पर हिंसा के जरिए दहशत फैलाने वाले नक्सलियों को यह समझ में नहीं आया


राम गोपाल सैनी

कि क्रांति वहां होती है, जहां राजशाही या तानाशाही का शासन हो। लोकतंत्र में लोकतांत्रिक तरीकों से अपनी मांग मनवाई जा सकती है। इसका सीधा रास्ता है चुनाव की प्रक्रिया के जरिए अपने मनपसंद प्रतिनिधियों को चुनना और कानून बनवाना। इसके विपरीत हथियारों के बलबूते हिंसा के रास्ते पर चलने का नतीजा खून-खराबे के अतिरिक्त कुछ नहीं हो सकता। नक्सली प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों की लगातार कसती जा रही घेराबंदी में बड़ी तादाद में युवा नक्सलियों की जान जा रही है। छत्तीसगढ़ में नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा के पास सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के साथ जंगल में हुई मुठभेड़ में 32 माओवादियों को मौत के घाट उतार दिया। अब तक ऐसी सैकड़ों मुठभेड़ों में भटके हुए युवा हजारों की संख्या में अपनी जान गंवा चुके हैं। सुरक्षा बलों की संख्या और मजबूती के सामने नक्सली कहीं नहीं टिक सकते। यह जानते हुए भी नक्सलवाद एक हारी हुई लड़ाई है, गुमराह नक्सली जान देने पर आमदा हैं। इससे ज्यादा अफसोसजनक बात क्या हो सकती है, बदलाव के लिए जिन युवाओं के हाथों में कलम, कम्प्युटर या ऐसे ही समाज और राष्ट्रनिर्माण के उपकरण हो सकते हैं, उनके हाथों में हथियार हैं। इसमें भी उन्हें कहीं चैन-सुकून नहीं है। पुलिस की गोली जंगलों में कब उनका काम तमाम कर दे, इसका डर उन्हें दिन-रात सताता रहता है। परिवार और समाज से दूर यायावरों की तरह जंगलों में भटकने वाले नक्सलियों पर हर वक्त मौत का साया मंडराता रहता है।देश की आजादी को 75 साल से ज्यादा हो गए। देश में बदलाव लाने के लिए नक्सलियों के हिंसात्मक आंदोलन को भी 6 दशक से ज्यादा का समय हो गया। नक्सलियों का दायरा लगातार सिकुड़ता जा रहा है। कभी आठ-दस राज्यों में प्रभाव रखने वाले नक्सलियों का दायरा सिमटता हुआ दो-तीन राज्यों में रह गया। देश की पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त और सशक्त कार्रवाई के सामने नक्सली बौने साबित हुए हैं। इस वर्ष अब तक दंतेवाड़ा और नारायणपुर समेत सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग मुठभेड़ों में 171 माओवादियों को मार गिराया है। नक्सलवाद की शुरुआत पश्चिम बंगाल के एक छोटे से गांव नक्सलबाड़ी से हुई थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता कानू सान्याल और चारू माजूमदार ने सरकार के खिलाफ 1967 में एक मुहिम छेड़ी थी। देखते ही देखते ये एक आंदोलन बन गया और चिंगारी फैलने लगी। इस आंदोलन से जुड़े लोगों ने खुद सरकार के खिलाफ हथियार उठा लिए। सरकार के खिलाफ ये विद्रोह उन किसानों का था, जो जमींदारों के अत्याचार से परेशान हो चुके थे। इसमें कोई संदेह नहीं कि जंगलों में पैतृक अधिकारों से वंचित आदिवासियों ने सरकारी तंत्र के जुल्म-सितम से तंग आकर कोई विकल्प नहीं देख कर नक्सली विचारधारा का दामन थामा। राज्यों की सरकार ने दशकों तक इन इलाकों में विकास को तरजीह नहीं दी।

# डिस्कॉम्स की पहलःसर्वाधिक रूफ टॉप सोलर स्थापित करने वाले कार्मिक होंगे सम्मानित



**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रदेश में पीएम सूर्यघर निशुल्क बिजली योजना में डिस्कॉम स्तर पर कार्मिकों को सम्मानित करने की अनूठी पहल की गई है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक डिस्कॉम में सर्वाधिक रूफ टॉप सोलर स्थापित करने वाले वृत्त, खंड एवं उपखंड कार्यालय के कार्मिकों को उनके प्रदर्शन एवं कार्य निष्पादन के आधार पर सम्मानित किया जाएगा। रूफ टॉप सोलर के माध्यम से बिजली उपभोक्ताओं को सस्ती एवं सुलभ सौर ऊर्जा उपलब्ध कराने की यह एक महत्वाकांक्षी योजना है। चेयरमैन डिस्कॉम्स आरती डोगरा ने बताया कि जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर विद्युत वितरण निगमों में प्रत्येक तिमाही आधार पर सर्वाधिक रूफ टॉप सोलर स्थापित करने वाले सर्किल, डिवीजन एवं सब डिवीजन कार्यालय के अधीक्षण अभियंता, अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता सहित कनिष्ठ अभियंता, फीडर प्रभारी एवं लाइनमैन को रूफ टॉप सोलर चैंपियन अवार्ड तथा प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जायेगा। इससे कार्मिक बेहतर कार्य निष्पादन के लिए प्रेरित होंगे। साथ ही, प्रदेश में इस महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन को गति मिल सकेगी।

**प्रदेश में 13,191 घरों पर लगे रूफ टॉप सोलर–** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष फरवरी माह में पीएम सूर्यघर निशुल्क बिजली योजना की घोषणा की थी। वर्ष 2026-27 तक इस योजना में 75021 करोड़ रूपए का परिव्यय अनुमानित है। देश के एक करोड़ घरों में रूफ टॉप सोलर लगाए जाने का लक्ष्य है। इनमें से प्रदेश में 5 लाख घरों में रूफ टॉप सोलर लगाए जाने हैं। योजना में अधिकतम तीन किलोवाट क्षमता के सोलर संयंत्र पर अधिकतम 78 हजार रूपए तक का अनुदान देय है। जिससे सौर ऊर्जा के रूप में प्रतिमाह 300 यूनिट तक निशुल्क बिजली मिल सकती है।

# हरियाणा जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का स्वागत



**चौमूं (हमारा वतन)।** हरियाणा विधानसभा चुनावो में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय पर विधानसभा क्षेत्र चौमूँ के कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा कार्यालय चौमूँ में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का स्वागत किया गया। इस पर पूर्व विधायक शर्मा ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव-2024 में भाजपा को मिली ऐतिहासिक विजय की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं सम्मानित मतदाताओं को हार्दिक बधाई और विकसित हरियाणा-विकसित भारत की संकल्पना की सिद्धि को समर्पित यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोक-कल्याणकारी नीतियों मुख्यमंत्री नायब सैनी के कुशल नेतृत्व और हरियाणा भाजपा प्रदेश प्रभारी सतीश पुनिया के कुशल संगठनात्मक कार्यशैली और रणनीति पर हरियाणा की जनता-जनार्दन के विश्वास की मुहर है। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जलेबी वितरित कर सबका मुँह मीठा करवाया। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, बांसा मंडल अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, बजरंगलाल सोनी, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, पूर्व उपाध्यक्ष कालूराम जाट, पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।






# पूर्व जिला पार्षद हनुमान सहाय दुसाद का मनाया जन्मदिन

**जयपुर (हमारा वतन)।** शाहपुरा विधानसभा स्थित देवथला निवासी पूर्व जिला पार्षद,जीआईसी एकेडमी के चेयरमेन और देवथला सरपंच प्रतिनिधि हनुमान सहाय दुसाद का 43वाँ जन्मदिन आज बड़े हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया गया। पूर्व पार्षद दुसाद का माला, साफा, माल्यार्पण और मिठाई खिलाकर स्वागत-सम्मान किया। ग्रामीणों और विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा दीर्घायु होने की कामना की गई। गौरतलब है कि पूर्व पार्षद दुसाद ग्राम के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। कई भामाशाहों को प्रेरित कर ग्राम का विकास करा चुके हैं।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।